अभियंता प्रमुख का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग

**सकारण आदेश**

कार्य प्रमंडल, झंझारपुर के अधीन योजनाशीर्ष PMGSY-I अंतर्गत निर्माणाधीन पुल **Construction of RCC Bridge in Bheja Koshi Bandh-to Mahapatiya Road at CH.2.1km) (Package No-BR21R-699)** में निविदाकार **Amar Nath Jha, (Regd. No-1190526)** को निर्माणाधीन पुल के एक गर्डर गिर जाने एवं बाकी के दो गर्डर Sag करने के कारण कालीसूची में सम्मिलित करने के पूर्व विभागीय पत्रांक–2345 दिनांक–05.07.2024 द्वारा 15(पन्द्रह) दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। जिसके आलोक में संवेदक **Amar Nath Jha, (Regd. No-1190526)** द्वारा पत्रांक–शून्य दिनांक–15.07.2024 द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया, जिसमें संवेदक द्वारा कहा गया है कि भूमि एवं स्थानीय विवाद के कारण कार्य में विलंब हुआ है। उनके द्वारा विवाद के समाधान के पश्चात तेजी से कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ प्रमंडलीय अभियंताओं के देख–रेख में संपादित कराया जा रहा था। दूसरे एवं तीसरे स्पैन में हैमर हेड लेवल तक कार्य पूर्ण कराकर दूसरे स्पैन में गर्डर का कार्य प्रगति में था। नेपाल से अचानक अत्याधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण भुतही बलान नदी में अप्रत्याशित रूप से अत्याधिक तेज पानी आने के कारण नदी ने अपना HFL Level को achieve कर लिया इस स्थिति में अत्याधिक बहाव के कारण गर्डर में लगे सेनट्रिंग और स्टेजिंग नदी के पानी के साथ बह गया जिसके कारण गर्डर क्षतिग्रस्त हो गया। यह एक प्राकृति आपदा है। साथ ही संवेदक द्वारा कहा गया है कि, मैं बरसात के तुरंत बाद पूर्णतः अपने व्यय पर क्षतिग्रस्त कार्य को नए सिरे से कराकर कार्य पूर्णरूपेण समाप्त करने को तैयार हूँ।

विदित हो कि सहायक अभियंता, कार्य अवर प्रमंडल मधेपुर के पत्रांक–34 दिनांक–03.06.2024 एवं कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, झंझारपुर के पत्रांक–777 दिनांक–04.06.2024 के माध्यम से मॉनसून उपरान्त कार्य किये जाने हेतू संवेदक **Amar Nath Jha, (Regd. No-1190526)** को निदेश दिया गया था। इसके बावजूद उनके द्वारा पुल निर्माण का कार्य जारी रखा गया, जिसके कारण पुल क्षतिग्रस्त हो गया एवं विभाग की छवि धूमिल हुई। संवेदक का यह कृत्य स्वेच्छाचारिता एवं क्षेत्रीय अभियंताओं के निदेशों की अवहेलना का द्योतक है। इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक द्वारा कदाचार एवं विभाग के प्रति अनुशासनहीनता का कार्य किया गया है। यह कृत्य बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली के अनुसार दण्डनीय है।

अतएव सम्यक विचारोपरांत संवेदक द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 के कंडिका 11(क) के उपकंडिका (i) के आलोक संवेदक **Amar Nath Jha, S/O-Bhawat Jha, At-Ward No 13, Benipur Nagar Parishad, Gram Kishanpur, Nawada, Darbhanga, Bihar, Pincode: 847201** के निबंधन संख्या–1190526 को अगले 01(एक) वर्ष के लिए निलंबित किया जाता है।

23/7/2024

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक:– मु0अ0–(नि0एवंगु0नि0) कालीसूची–10–45/2024-2506 /पटना, दिनांक:–24/07/2024

प्रतिलिपि:–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/24

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक:– मु0अ0–(नि0एवंगु0नि0) कालीसूची–10–45/2024-2506 /पटना, दिनांक:–24/07/2024

प्रतिलिपि:–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/24

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक:– मु0अ0–(नि0एवंगु0नि0) कालीसूची–10–45/2024-2506 /पटना, दिनांक:–24/07/2024

प्रतिलिपि:– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/24

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक:– मु0अ0–(नि0एवंगु0नि0) कालीसूची–10–45/2024-2506 /पटना, दिनांक:–24/07/2024

प्रतिलिपि:– संवेदक Amar Nath Jha, Regd No- 1190526, S/O: Bhagwat Jha, At-Ward No 13, Benipur Nagar Parishad, Gram Kishanpur, Nawada, Darbhanga, Bihar, Pincode: 847201 को सूचनार्थ प्रेषित।

23/07/24

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव